## आईजी मिलिंद महादेव दुम्बेरे ने लोकसभा चुनाव को लेकर दीव में पुलिस एवं आईआरबीएन के जवानों को दिये जरुरी दिशानिर्देश

■ पुलिस एवं आईआरबीएन के जवानों ने बाइक के माध्यम से फ्लैग मार्च करके लोगों को स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान करने का दिया संदेश





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 3 मई। लोकसभा चुनाव को लेकर संघ प्रदेश थ्रीडी आईजी मिलिंद महादेव दुम्बेरे ने आज दीव के फुदम स्थित पुलिस मुख्यालय में स्थानीय पुलिस और चुनाव संपन्न कराने के लिए बाहर से आये आईआरबीएन के जवानों के साथ बैठककर जरुरी दिशानिर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने चुनाव के दौरान सभी को अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से निभाने की बात कही। उन्होंने बाहर से दीव आये जवानों की सुविधा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इसके बाद पुलिस मुख्यालय से पुलिस कर्मियों ने बाइक के माध्यम से फ्लैग मार्च करके लोगों को शांतिपूर्ण वातावरण में स्वतंत्र और निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया। पुलिस की टीम द्वारा निकाली गयी बाइक रैली फुदम से मलाला, नागवा, वणाकबारा होते हुए साउदवाडी से बुचरवाडा से गुजरते हुए झोलावाडी के बाद डांगरवाडी मेन रोड होकर दीव-घोघला से फिर फुदम पुलिस मुख्यालय पहुंचकर संपन्न हुई।

## दानह कोर्ट की विशेष न्यायाधीश एस. एस. सपतनेकर ने बलात्कार के आरोपी को सुनाई 20 साल के कठोर कारावास की सजा



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 3 मई। दादरा नगर हवेली कोर्ट में एक मामले की सुनवाई करते हुए पोक्सो अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश एस. एस. सपतनेकर ने बलात्कार के आरोपी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी हनुमंत महादु दारोडे को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के अंतर्गत नाबालिग लडकी के साथ बलात्कार करने का दोषी ठहराते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गयी है। इसके साथ ही 2000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, 17/09/2022 को शिकायतकर्ता ने 17 वर्षीय नाबालिग लडकी के अपहरण होने का मामला खानवेल पुलिस थाने में दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी हनुमंत महादु दारोडे को नाबालिग लडकी के साथ महाराष्ट्र के नाशिक से गिरफ्तार किया था। नाबालिग लडकी के बयान के मुताबिक आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार किया था। मेडिकल रिपोर्ट और प्रस्तुत अन्य साक्ष्यों को आधार मानकर विशेष न्यायाधीश ने एस. एस. सपतनेकर ने आरोपी हनुमंत महादु दारोडे को आईपीसी की धारा 363, 366, 376 एवं आर/डब्ल्यू अधिनियम 2012 की धारा 6 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 2000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।





નવમી પુણ્યતિથિએ શ્રદ્ધાંજલિ

તમારૂ જીવન અમારી વચ્ચે નથી રહ્યું, પરંતુ તમારી સ્મૃતિ હંમેશા અમારા હૈયે વણાયેલી રહેશે. અમોને આજીવન આપની ખોટ, અનુભવાશે, જયાં સુધી જીવીશું ત્યાં સુધી હરપળે તમને યાદ કરતા રહીશું. પ્રભુ આપના દિવ્ય આત્માને શાંતિ આપે એજ પ્રાર્થના.

સ્વ. સનતકુમાર તારાચંદ જાદવ
સ્વ. તા. ૦૪/૦૫/૨૦૧૫
ગાંધીપરા-દિવ

લિ. શાંતાબેન શશીકાંત જેઠવા (માસી)
શશીકાંત જેઠા જેઠવા (માસા)
અને પરિવાર, ગાંધીપરા, દિવ.













स्वामीः मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित। (समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)